# देवास

नवभारत 03
इंदौर, सोमवार, 30 मार्च 2026




एक नजर में

### एल्डरमैन की घोषणा, जिलाध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं

**देवास।** मध्यप्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा देवास जिले की विभिन्न नगर परिषदों में एल्डरमैन (मनोनीत पार्षद) की घोषणा किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने सभी मनोनीत सदस्यों को शुभकामनाएं दी हैं। नगर परिषदवार एल्डरमैन के नाम इस प्रकार हैं—नगर परिषद कन्नौद मोहन कोठारी,विनोद मालवीय, विजय चौहान, अशोक यादव, नगर परिषद खातेगांव कैलाश साधु, लखनऊ डाबी, हरिप्रसाद मखवाना, मनोज बज, नगर परिषद बागली उमेश मंडलोई, बंशीधर सिसोदिया, मोहन सिकरवार, अनुराग गुप्ता, नगर परिषद सतवास अमित जोशी, प्यारेलाल प्रजापत, दीपक राठौर, राजेंद्र यादव, नगर परिषद सोनकच्छ राधेश्याम जगेश्वर, नीतु रेकवार, दिलीप सोलंकी, राकेश बारोड, नगर परिषद कांटाफोड़ सत्य नारायण तिवारी, अशोक बाथम, राजेश राठौर, शिवप्रसाद बिंजवा, नगर परिषद टोंकखुर्द सुरेश अधिकारी, राजेश वर्मा, दिप्ती जैन, राकेश शर्मा, नगर परिषद हाटपिपलिया विजय सिंह शक्तावत, दुलीचंद कुंभकार, नितिन तंवर, कपिल शर्मा, नगर परिषद नेमावर दिलीप व्यास, नरेश यादव, अनिल भदोरिया, महेश गुर्जर। भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने अपने संदेश में कहा कि सभी मनोनीत एल्डरमैन अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देंगे और शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जिलेभर में नियुक्तियों को लेकर उत्साह का माहौल है और कार्यकर्ताओं द्वारा सभी मनोनीत सदस्यों को बधाई दी ।

### देवास में बच्चों से मारपीट का मामला

**देवास।** शहर के बीएनपी थाना क्षेत्र अंतर्गत जमना नगर में बच्चों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार मोहल्ले में बच्चे खेल रहे थे, इसी दौरान उनकी गेंद पड़ोसी के घर में चली गई। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले नंद किशोर बैरागी ने गेंद लेने पहुंचे बच्चों के साथ मारपीट कर दी। इतना ही नहीं, बच्चों को कमरे में बंद कर उनके साथ बुरी तरह से मारपीट की गई ।परिजनों का कहना है कि आरोपी द्वारा पहले भी बच्चों के साथ इस तरह की घटनाएं की जा चुकी हैं, लेकिन इस बार मामला गंभीर हो गया। घटना से नाराज परिजन और स्थानीय लोग बीएनपी थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज करवाई ।+

पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### 4 थी ओपन जिला प्रतियोगिता 12 अप्रैल को

**देवास।** 4 थी ओपन देवास जिला रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता, व रोलर हॉकी प्रतियोगिता 12 अप्रैल को स्पोर्ट्स पार्क , टाटा चौराहे पर आयोजित की जा रही है। यह जानकारी देवास जिला रोलर स्केटिंग के अध्यक्ष अनवर खान एवं सचिव संदीप जाधव ने बताया कि 4 थी जिला स्तरीय स्पीड स्केटिंग,व रोलर हॉकी प्रतियोगिता 12 अप्रैल 2026 को आयोजित की जाएगी यह प्रतियोगिता पूर्णत: नि:शुल्क रहेगी, जिसमें रोड रेस ओर रिंक रेस के साथ रोलर हॉकी भी किया जाएगा, जिले की इस प्रतियोगियों को क्वालीफाई 06 रेफरी कराएंगे और मध्य प्रदेश रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक भारूका, एवं सह सचिव चौन सिंह ठाकुर की उपस्थिति में यह प्रतियोगिता सम्पन्न की जाएगी।

### अवैध देशी और अंग्रेजी शराब जब्त

**सतवास।** सतवास पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए शराब से भरी एक इको कार को जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी विक्रांत झाझोट ने बताया कि 28 मार्च की शाम करीब 7.45 बजे कांटाफोड़ रोड स्थित श्री बाबा महाकाल रेस्ट पॉइंट के पास से मुखबिर की सूचना पर तलाशी के दौरान घेराबंदी कर कार्रवाई करते हुए मारुति इको कार को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान वाहन से 19 पेटी देशी प्लेन शराब और 3 पेटी अग्रेंजी बीयर बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा करीब 207 बल्क लीटर बताई गई है। इस मामले में दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस ने जब्त शराब और वाहन को अपने कब्जे लिया गया ,, जिसकी कीमत लगभग 90हज़ार रु एवं इको कार सहित लगभग 6लाख रुपए का मासूरका ज़ब्त किया।

## मेंढकी वॉटर वर्क्स क्षेत्र में निर्माण का विरोध

**देवास।** शहर की ऐतिहासिक धरोहर और प्रमुख जल स्त्रोत रही मेंढकी वाटर वर्क्स क्षेत्र की प्राचीन बावड़ी पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। आरोप है कि इस स्थल को समाप्त कर यहां सिविल लाइन थाना निर्माण का कार्य किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों में रोष व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार, यह बावड़ी वर्षों तक देवास शहर के नागरिकों की प्यास बुझाने का मुख्य स्त्रोत रही है। लगभग 35 वर्ष पूर्व यहां से पाइपलाइन के माध्यम से माताजी की टेकरी स्थित टंकी तक जल पहुंचाया जाता था, जहां से पूरे शहर में जल वितरण होता था। वर्तमान में यह ऐतिहासिक जल स्त्रोत जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंच चुका है, लेकिन अब भी इसमें पर्याप्त मात्रा में पानी मौजूद है। नेशनल यूनिटी ग्रुप ने इस धरोहर को बचाने के लिए जनहित में आंदोलन का आह्वान किया है।

संस्था द्वारा रविवार शाम 4 बजे जनआंदोलन कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने की तैयारी की गई है। संस्था के संस्थापक अनिल सिंह ठाकुर ने बताया कि वर्ष 1950 से 1955 के बीच यहां कोयले से चलने वाले जनरेटर के माध्यम से जल वितरण किया जाता था। इसके लिए नगर निगम द्वारा करीब दो बीघा भूमि अधिग्रहित की गई थी। वर्तमान में सड़क निर्माण के चलते यह भूमि दो हिस्सों में बंट चुकी है।

एक ओर बावड़ी स्थित है, वहीं दूसरी ओर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण होने के आरोप भी लगाए गए हैं। बताया गया कि पटवारी हल्का नंबर 516 नगर निगम की शासकीय भूमि है, जिस पर लोगों ने कब्जा कर लिया है, जबकि हल्का नंबर 517 में प्राचीन बावड़ी, तलघर एवं धार्मिक स्थल मौजूद हैं। वर्ष 2023 विधायक गायत्री राजे पवार द्वारा बगीचे के लिए भूमि पूजन कर नगर निगम द्वारा अस्थाई रूप से शिव शक्ति सेवा मंडल को देखरेख के में इसी भूमि पर गार्डन निर्माण के लिए भूमि दी गई थी।

इससे पहले यहां कचरा घर बनाने का प्रयास हुआ था, जिसे विरोध के चलते अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया गया। श्री ठाकुर ने बताया कि पूर्व में तत्कालीन निगम आयुक्त झरिया के कार्यकाल में बावड़ी का जीर्णोद्धार भी कराया गया था। कई बार श्रम दान कर बावड़ी की साफ सफाई शहर अनेक सामाजिक संस्थाओं, पत्रकारों , नेताओं, जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में किया गया ।साथ ही यहां गणेश जी की प्रतिमा प्रकट होने के बाद उन्होंने अपने निजी खर्च से मंदिर का निर्माण कराया। यह स्थल आज भी ग्रामीणों की आस्था का केंद्र है, जहां प्रतिवर्ष होलिका दहन किया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1947 से यह भूमि आमजन के लिए बगीचे के रूप में आरक्षित है। समय-समय पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और प्रेस क्लब द्वारा श्रमदान कर बावड़ी की सफाई भी कराई जाती रही है, लेकिन वर्तमान में देखरेख के अभाव में यहां कचरा डाला जा रहा है, जिससे इसकी स्थिति बिगड़ती जा रही है। संस्था के पदाधिकारियों एवं लोगों ने प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों से अपील की है कि इस ऐतिहासिक जल स्त्रोत को संरक्षित किया जाए।

## लक्ष्मीबाई नगर इंदौर- श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन शुरू

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. यात्रियों की सुविधा और ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में बढ़ती यात्रा मांग को देखते हुए पश्चिम रेलवे ने लक्ष्मीबाई नगर (इंदौर) से श्रीगंगानगर के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है. यह ट्रेन विशेष किराये पर सीमित अवधि के लिए संचालित की जाएगी.**

ट्रेन संख्या 04736 लक्ष्मीबाई नगर (इंदौर) से प्रत्येक शुक्रवार 3 अप्रैल 2026 से 10 जुलाई 2026 तक दोपहर 13.55 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन शनिवार को 12.20 बजे श्रीगंगानगर पहुंचेगी. वापसी में ट्रेन संख्या 04735 श्रीगंगानगर से प्रत्येक गुरुवार 2 अप्रैल 2026 से 09 जुलाई 2026 तक 12.50 बजे रवाना होकर शुक्रवार सुबह 09.55 बजे लक्ष्मीबाई नगर इंदौर) पहुंचेगी. यह ट्रेन रतलाम मंडल के प्रमुख स्टेशनों जैसे फतेहाबाद, रतलाम, मंदसौर, नीमच और चित्तौड़गढ़ सहित भीलवाड़ा, अजमेर, किशनगढ़, फुलेरा, रींगस, सीकर, फतेहपुर शेखावटी, चूरू, हनुमानगढ़ आदि स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहराव करेगी. इससे मध्य प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के यात्रियों को सीधा और सुविधाजनक रेल संपर्क मिलेगा.

**यात्रियों को विकल्प मिलेगा**

ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर तथा जनरल श्रेणी के कोच उपलब्ध रहेंगे, जिससे सभी वर्ग के यात्रियों को यात्रा का विकल्प मिलेगा. ट्रेन संख्या 04736 के लिए टिकट बुकिंग 28 मार्च 2026 से रेलवे के पीआरएस काउंटरों और ऐप/वेबसाइट पर शुरू होगी. यह विशेष ट्रेन यात्रियों को गर्मी के मौसम में राहत प्रदान करेगी.

## तालाबंदी की कार्रवाई में निगम ने की राजस्व वसूली



**देवास।** निरंतर कुर्की की कार्रवाई और तालाबंदी की कार्रवाई नगर निगम द्वारा की जा रही है निगम राजस्व विभाग की टीम के द्वारा रविवार 29 मार्च को भी आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर बड़े बकायदारों पर कार्रवाई की गई।

इसमें मक्सी चौराहे पर सांवरिया रेस्टोरेंट पर 1 लाख 50 हजार की बकाया राशि , भोपाल रोड वेयरहाउस योगराज खर्चे, 4 लाख 50 हजार, सुविधा गैस एजेंसी, अनमोल टिंबर कंपनी 2 लाख 15 हजार बकाया संपत्ति कर होने पर उनके प्रतिष्ठानों पर तालाबंदी की कार्रवाई के पूर्व ही राशि जमा की गई। एनिकश कंपनी पर 3 लाख 55 हजार की बकाया राशि होने पर कंपनी सील की गई । नगर निगम राजस्व विभाग के उपायुक्त वित्त एवं राजस्व विभाग से दीपक पटेल, उपायुक्त देववाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी, राजस्व अधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव , मनोरमा बर्मन, शैलेंद्र झाला एवं राजस्व की टीम के साथ बकाया संपत्ति कर जमा कराए जाने हेतु निरंतर कार्रवाई की।

## जिले में गौ सम्मान आह्वान अभियान

▸ **अभियान 27 अप्रैल 2026 से 27 जुलाई 2026 तक चलेगा**

**देवास।** प्रदेश भर में चल रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत देवास जिले में गांव गांव में मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के स्वयंसेवक एवं परिषद कार्यकर्ता गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत गांव गांव में पत्रक में हस्ताक्षर करवा रहे हैं। यह यह पत्रक राष्ट्रपति प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर एवं तहसीलदार एवं अनुविभागीय अधिकारीयों को दिया जाएगा

इसमें मांग की जाएगी की गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए भारत देश में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगे जिससे गौ माता पूर्णत सुरक्षित रहे गौ सेवा हेतु केंद्रीय कानून लागू हो और केंद्रीय गौ सेवा मंत्रालय बने जिससे संपूर्ण भारतवर्ष में सम्मान रूप से गौ सेवा हो सके गोचर बोर्ड बने चारा सुरक्षा नीति तय हो गौ आधारित कृषि सुनिश्चित हो पंचगव्य उत्पादन का निर्माण एवं वितरण बड़े इन मांगों को लेकर के यह अभियान 27 अप्रैल 2026 से जारी है और 27 जुलाई 2026 तक चलेगा इसको लेकर परिषद के कार्यकर्ता एवं अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के स्वयंसेवक गांव गांव में हस्ताक्षर करवा करके पत्रकौ को संबंधित तहसीलदार एवं जिला कलेक्टर को देंगे।

## बूथ नंबर 78 पर सुना मन की बात का 132वां संस्करण



**देवास।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वें संस्करण का श्रवण बूथ क्रमांक 78 पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रमोद डोंगलिया के निवास पर किया गया।

कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव की उपस्थिति में सभी ने एक साथ सुना। इस अवसर पर मन की बात कार्यक्रम के जिला प्रभारी कपिल सिंह पवार, मंडल अध्यक्ष शुभम चौहान, बाबू यादव, अजब सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के विचारों एवं संदेशों पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं ने उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## शतरंज का महासंग्राम, 250 दिग्गज खिलाड़ी, 2 लाख की बाजी

▸ **फाइनल मुकाबला होगा कल**



**देवास।** देवास जिला शतरंज संघ द्वारा आयोजित सेकंड देवास इंटरनेशनल फिडे रेटिंग क्लासिकल चेस टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ 27 मार्च 2026 को कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में हुआ। शहर में दूसरी बार इस स्तर का रेटिंग क्लासिकल टूर्नामेंट हो रहा है,इसके चलते जिले के खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद की अध्यक्ष मीना राव एवं देवास जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष सुधीर पंडित,पूर्व अध्यक्ष अजीज कुरैशी की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिता में एवं सुनील पवार (मुख्य निर्णायक इंदौर) एवं विवेक विश्वकर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका है, जबकि जबलपुर, अंडमान-निकोबार और इंदौर से आए 10 निर्णायक प्रतियोगिता को निष्पक्षता से संचालित कर रहे हैं। संघ के सचिव पवन यादव ने बताया कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पूरे भारत वर्ष के करीब 250 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिससे मुकाबले का स्तर बेहद ऊंचा हो गया है। 2 लाख रुपये की आकर्षक पुरस्कार राशि खिलाड़ियों को और अधिक जोश के साथ खेलने के लिए प्रेरित कर रही है। टूर्नामेंट स्थानीय खिलाड़ियों के लिए सीखने का सुनहरा अवसर है, जहां उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों से सीधा मुकाबला करने का मौका मिल रहा है। प्रतियोगिता में संघ के मार्गदर्शक अनिल श्रीवास्तव, राजू श्रीवास्तव, अनूप दुबे,अन्नू द्विवेदी, पंकज वर्मा सहित संघ के पदाधिकारी उपाध्यक्ष चेतन राठौड़,सह सचिव पावन पाटिल, शैलेन्द्र चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष क्षितेंद्र सिंह, सरफराज सिद्दीकी, कुणाल अयाचित,निरंजन यादव, मनोज कुशवाह, मनोज सिंह एवं रागिनी चौहान, आरती कुशवाह, प्रियांशी, रितेश मालवीय, पुष्प मोदी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। प्रतिदिन रोमांचक मुकाबले खेले जा रहे हैं ।31 मार्च को फाइनल मुकाबला खेला जाना है। उक्त जानकारी संघ सचिव पवन यादव ने दी।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में सृष्टि वर्मा ने तैराकी में जीता रजत

**देवास।** छत्तीसगढ़ में आयोजित हो रहे 25 से 28 मार्च के पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में मध्यप्रदेश की प्रतिभावान तैराक खिलाड़ी सृष्टि वर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया है।

सृष्टि ने 100 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में अपनी तकनीकी कुशलता और गति का परिचय देते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया और रजत पदक अपने नाम किया। मध्यप्रदेश तैराकी अकादमी की खिलाड़ी सृष्टि वर्मा ने इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कड़े मुकाबले के



बीच यह उपलब्धि हासिल की। सृष्टि का यह प्रदर्शन उनके कड़े अनुशासन, समर्पण और अकादमी के प्रशिक्षकों द्वारा दी गई उत्कृष्ट ट्रेनिंग का परिणाम है। इस गौरवपूर्ण सफलता पर खेल विभाग और खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है। सृष्टि की इस जीत ने न केवल उनके व्यक्तिगत करियर में एक नया अध्याय जोड़ा है, बल्कि मध्यप्रदेश के अन्य उभरते खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनी हैं। सृष्टि की उपलब्धि पर विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार, श्रीमंत विक्रमसिंह पवार, देवास जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मदनलाल कहार, सचिव अनिल श्रीवास्तव, साफ्टबॉल एसोसिएशन के मनोज राजानी, राजीव श्रीवास्तव, तीरंदाजी एसोसिएशन के निरंजन यादव, हैण्ड बॉल की ओर से भरत वर्मा, खेल विभाग की और से जिला खेल अधिकारी सेना गाडरिया, जावेद पठान, चंद्रपालसिंह सोलंकी, हेमेन्द्र निगम, संजय पाटिल, पवन यादव, अरूण कुशवंशी, विक्रम अवार्डी रागिनी चौहान, प्रशिक्षक सौरभ कहार आदि ने शुभकामनाएं दी।

### आबकारी विभाग की कार्रवाई 6 प्रकरण दर्ज

**देवास।** आबकारी द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है शनिवार को आबकारी विभाग की टीम द्वार बरोठा, पटाड़ी, हाटपिप्लिया एवं कमलापुर क्षेत्र में ढाबों होटलों पर चेकिंग कर कार्यवाही की गई जिसमे 50 बियर ,155 देशी मदिरा प्लेन एवं 10 पाव विदेशी मदिरा बरामद की गई ।कार्यवाही में कुल 06 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत दर्ज किए गए है,जप्त सामग्री का मूल्य लगभग 19325 रुपये है।

## आशीष शर्मा जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष



**देवास।** जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के चुनाव उत्साहपूर्ण और शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गए। आयोजित साधारण सभा में विधायक आशीष शर्मा को सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।

इनके निर्विरोध चयन से खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों में खुशी का माहौल देखा गया। नवगठित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के रूप में अनिल सिकरवार एवं हेमेंद्र निगम, सचिव पद पर अनवर खान, कोषाध्यक्ष के रूप में विशाल शर्मा तथा संयुक्त सचिव के रूप में संदीप जाधव एवं निशा मालवीय को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में मेहसर अली, सुनील मालवीय, नफीस खान, अश्विनी जाधव, शुभम यादव एवं आयुष गगुरड़े को भी निर्वाचित किया गया। अध्यक्ष पद ग्रहण करने के बाद आशीष शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि जिले में वॉलीबॉल खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाएगी। उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, सुविधाएं और अवसर उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। चुनाव प्रक्रिया का संचालन मध्य प्रदेश वॉलीबॉल संघ के उपाध्यक्ष सतीश जोशी द्वारा निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराया गया।

## गैस सिलेंडर इंदौर नहीं पहुंचाया तो दामाद को दीं गालियां

▸ **6 आरोपियों के खिलाफ**
▸ **एफआईआर दर्ज**

**देवास।** देवास में गैस सिलेंडर को लेकर विवाद हो गया यहां दामाद ने सुसुराल में गैस सिलेंडर नहीं पहुंचाया तो पत्नी के मायके वालों ने देवास पहुंचकर दामाद को गालियां दीं। इतना ही नहीं घर में घुसकर तोड़फोड़ भी की. शहर के जवाहर नगर में पारिवारिक विवाद इतना बढ़ गया कि मामला सीधे घर में घुसकर तोड़फोड़ तक पहुंच गया.

आरोप है कि बहू के मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल पहुंचकर जमकर हंगामा किया और घर में रखे कीमती सामान को नुकसान पहुंचाया. पुलिस ने मामले में 6 आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आवेदक वंदना जैन ने बताया कि उनके बेटे अर्पित जैन को उसके ससुर का फोन आया था. फोन पर उनसे कहा गया कि उनकी गैस सिलेंडर खत्म हो गई है और अर्पित इंदौर उनके घर सिलेंडर पहुंचा दे. बेटे द्वारा मना करने पर बहू ने घर में विवाद शुरू कर दिया वंदना जैन के अनुसार, विवाद यहीं नहीं रुका... कुछ ही देर बाद बहू के मायके पक्ष के लोग इंदौर से देवास स्थित उनके घर पहुंच गए और आते ही गाली-गलौच शुरू कर दी. आरोप है कि उन्होंने घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की. इस दौरान घर में लगी एलईडी, फ्रिज, कूलर सहित अन्य सामान तोड़ दिया गया और सबूत मिटाने के इरादे से सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए गए.घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने बहू सहित इंदौर निवासी 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर में ▸ **कुष्ठधाम, अंध शाला और वृद्धाश्रम पर होगा भोजन वितरण**

## धूमधाम से मनाई जाएगी महावीर जयंती कल, शोभायात्रा में शामिल होंगे चांदी के रथ

**देवास।** जियो और जिने दो का अमर संदेश देकर अहिंसा का पाठ सम्पूर्ण विश्व को पढ़ाने वाले जैन जगत के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामीजी का जन्म कल्याणक दिवस महावीर जंयती समग्र जैन समाज देवास द्वारा 31 मार्च मंगलवार को अपूर्व हर्षोल्लास एवं भक्ति भावना के साथ भव्यतम रूप से मनाई जाएगी।

इसके अंतर्गत विशाल आकर्षक शोभा यात्रा सुबह 8.30 बजे श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर तुकोगंज रोड से निकाली जाएगी। उल्लेखनीय है विगत 55 वर्षो से दिगम्बर एवं श्वेताम्बर जैन समाज द्वारा सामूहिक रूप से महावीर जयंती मनाई जा रही है। 29 मार्च को विशाल वाहन रैली शाम 5 बजे सयाजी द्वार से निकाली जाएगी। पूर्व संध्या 30 मार्च रात्रि 7 बजे एक शाम महावीर के नाम के अंतर्गत समाज की माता बहनों एवं बालिकाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति मंडी धर्मशाला पर दी जाएगी।

31 मार्च को सुबह 7.30 से 8.30 बजे तक श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर तुकोगंज रोड़ पर समग्र जैन समाज की नवकारशी आयोजित होगी अनेक आकर्षणों से सुसज्जित विशाल जन समुदाय को समेटे इस शोभा-यात्रा में चांदी के रथ में भगवान महावीर स्वामी विराजमान होकर नगर भ्रमण करेंगे। सुसज्जित झांकियाँ भी चल समारोह की शोभा बढ़ायेगी। भजन मंडलियां भक्ति गीत गाते हुए चलेगी। विश्व की वर्तमान विकट स्थिति का समाधान महावीर के अहिंसा एवं मैत्री सिद्धांत से ही हो सकता है , यह प्रदर्शित करते हुए एक आकर्षक झांकी निकाली जाएगी । मार्ग में अनेक संस्थाओं द्वारा स्वागत किया जायेगा। महिलायें मस्तक पर 108 कलश धारण किये हुए शोभायात्रा में उपस्थित रहेगी। देवास नगर के सभी जैन मंदिर एवं स्थानक पर दर्शन लाभ प्राप्त करते हुए बड़ा बाजार, रज्जब अली मार्ग, कवि कालिदास मार्ग, जनता बैंक, कैलाश जैन मानव चौराहा, एम.जी. रोड़, पिपली बाजार, सरदार पटेल मार्ग, सुतार बाखल, पीठा रोड़, जवाहर चौक होते हुए श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर तुकोगंज रोड़ एवं श्रमण संस्कृति सदन नयापुरा पर शोभा यात्रा समाप्त होगी। यहां पर श्रीजी का अभिषेक होगा। सुबह 11.30 बजे से श्वेताम्बर जैन समाज देवास का स्वामी-वात्सल्य मण्डी धर्मशाला पर होगा। नेत्रहीन बालक-बालिकाओं को तथा वृद्धाश्रम एवं हामूखेड़ी कुष्ठ धाम पर निराश्रितों को भोजन करवाकर अन्नदान किया जावेगा। रात्रि को सभी जैन मंदिरों में भक्ति भावना के विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। देवास नगर के सभी जिनालयों पर विशेष विद्युत सज्जा एवं सजावट की जायेगी। महावीर जयंती उत्सव समिति के अध्यक्ष विजय जैन एवं पदाधिकारी शैलेन्द्र चौधरी, भरत चौधरी, मनीष जैन, अतुल जैन, संजय कटारिया, नितिन जैन, पारस जैन, सतीश जैन, मुकेश चौधरी, विशाल जैन, रिंकेश जैन, पारस जैन एवं सुनील जैन घोटू ने सफल बनाने की अपील की है।